राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की शपथ मंगलवार को,

राज्यपाल जस्टिस कुरैशी को दिलवाएंगे शपथ

जयपुर, 11 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र 12 अक्टूबर मंगलवार को अपरान्ह 1 बजे राजभवन में जस्टिस श्री अकील अब्दुलहामिद कुरैशी को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति के पद की शपथ दिलवायेंगे।

———

शिक्षक समाज रूपी नर्सरी की निराई—गुड़ाई कर उसे संवारता है

संवैधानिक मूल्यों की सर्वोच्चता बनाए रखने में मीडिया की अहम भूमिका—राज्यपाल

जयपुर, 11 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि शिक्षक शिक्षण के दौरान समय सन्दर्भों से निरन्तर अपने को अपडेट रखे। उन्होंने शिक्षा में गुणवत्ता को सर्वोपरि रखे जाने के साथ परीक्षाओं में नकल की प्रवृत्ति को समाज के लिए घातक बताया। महर्षि अरविन्द के लिखे की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक वह माली है जो समाज रूपी नर्सरी की निराई—गुड़ाई कर उसे संवारता है।

श्री मिश्र सोमवार को एक होटल में दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित शिक्षण उत्कृष्टता सम्मान समारोह में सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने मीडिया द्वारा पत्रकारिता के स्वस्थ मूल्यों को ध्यान में रख कार्य करने, निष्पक्षता, निर्भीकता, वस्तुनिष्ठता और सत्यनिष्ठा जैसे मूल्यों से अपने को सदा जोड़े रखने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संवैधानिक मूल्यों की सर्वोच्चता को बनाए रखने में मीडिया की अहम भूमिका है।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षण से जुड़े सम्मान का अर्थ ही है, उस परम्परा का सम्मान जिससे हमारे देश की भावी पीढ़ी संस्कारित होती है।

श्री मिश्र ने इस अवसर पर राजस्थान के अलग—अलग शहरों के 24 शिक्षकों, स्कूल कोचिंग संस्थान और विशेष पाठ्यक्रम संचालित करने वाले कोचिंग संस्थानों के शिक्षाविदों को सम्मानित किया। इससे पहले दैनिक भास्कर के राष्ट्रीय संपादक श्री एल.पी. पन्त ने पत्रकारिता के साथ भास्कर के सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

———